इंदौर, 22.06.2019
PATRIKA.COM/ENTERTAINMENT

आइआइटी

# फैकल्टी मेंबर्स ने किया योग



इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आइआइटी) इंदौर द्वारा योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें फैकल्टी मेंबर और स्टाफ के लोगों ने परिवार सहित हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शैक्षणिक संस्थानों में योग की उपयोगिता पर चर्चा के साथ हुई। इसके बाद स्वामी विवेकानंद केंद्र के अतुल गभनाने ने योगासन, कपालभाति, प्रणायाम और ध्यान करना सिखाया। इसके बाद इशा फाउंडेशन के वॉलेंटियर्स ने उप-योग के बारे में जानकारी दी। संस्थान द्वारा योग को लेकर जागरूकता के लिए रन का भी आयोजन किया गया।

Patrika (Indore), 22nd June 2019, Patrika Plus, page-15